# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 27.08.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

**1-अवैध तमंचा व चोरी के मोबाईल के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-**



अवगत कराना है दिनांक 26.08.2023 को उ0नि0 श्री अमर मलिक थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त दानिश पुत्र बब्बन निवासीफतुल्लासराय बडी मस्जिद के पास थाना कोतवाली,सम्भल को मय एक अवैध तमन्चा 12 बोर, 800 रुपये नगद व चोरी के एक मोबाईल (वीवो कम्पनी)सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थान गलशहीद पर मु0अ0सं0-132/2023 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट व 41/102 सीआरपीसी पंजीकृत किया गया।

**2-अवैध चाकू व चोरी के मोबाईल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-**



अवगत कराना है दिनांक 26.08.2023 को उ0नि0 श्री अमर मलिक थाना गलशहीद,मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त शाबेज उर्फ शावेज पुत्र निवासी मौहल्ला नई बस्ती हाफिज साहब की मजार थाना गंज,रामुपर हाल पता नि0 मौहल्ला सरायतरीन थाना हयातनगर,सम्भल को मय एक अवैध चाकू, 650 रुपये नगद व चोरी के एक मोबाईल सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थान गलशहीद पर मु0अ0सं0-134/2023 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट व 41/102 सीआरपीसी पंजीकृत किया गया।

**3-फर्जी तरीके से हिबानामा तैयार करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-**



अवगत कराना है दिनांक 16.02.2023 को वादी मो0 मोबीन पुत्र मोहम्मद इस्माइल निवासी मोहल्ला तबेला थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी की पत्नी के नाम से फर्जी तरीके से हिबानामा तैयार करने,शिकायत करने को कहने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे थाना बिलारी पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-62/2023 धारा-420,323,504,506,467,468,471 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 27.08.2023 को व0उ0नि0 श्री रामनरेश यादव थाना बिलारी,मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त मोहम्मद तनजील पुत्र मौ0 मोबीन उर्फ गुड्डन निवासी मौहल्ला लाल बाग निकट अमीर खां की बिलडिंग थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**4-लूट की योजना बनाते हुए दो आरोपी अवैध चाकूओं के साथ गिरफ्तार,थाना कांठः-**



अवगत कराना है दिनांक 26.08.2023 की रात्रि को उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपीगण 1.सुलेमान पुत्र फुरकान निवासी मौ0 नल नई बस्ती बीएमसी अस्पताल के पास थाना कोतवाली,अमरोहा 2. फरमान पुत्र राशिद निवासी गांव पैगम्बरपुर थाना कांठ, मुरादाबाद को लूट की योजना बनाते हुए 01-01 अवैध चाकूओं सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना कांठ पर मु0अ0सं0-299/2023 धारा-398/401 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**5- अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिऱफ्तार,थाना मुगलपुराः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 27.08.2023 को म0उ0नि0 राजबेन्द्र कौर थाना मुगलपुरा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी गुलफाम पुत्र कमालुद्दीन निवासी जकारिया हाऊस के पास पीरगैब थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-171/23 धारा- 4 /25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**6-अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-**



अवगत कराना है दिनांक 26.08.2023 को उ0नि0 श्री अमर मलिक थाना गलशहीद,मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अरबाज उर्फ अलबाज पुत्र बब्बन निवासी फतुल्लासराय बडी मस्जिद के पास थाना कोतवाली,सम्भल को मय एक अवैध चाकू आदि सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थान गलशहीद पर मु0अ0सं0-133/2023 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**7.- थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति की हत्या करने के 02 अभियुक्तगण को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने किया गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद ।**



अवगत कराना है कि दिनांक 26.08.2023 को वादी लोलीन सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम टांडा अफजल थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ने थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर देकर उसके पुत्र जितेन्द्र के दिनांक 25.08.2023 को समय करीब 5.00 बजे घर से बिना बताये कहीं चले जाने व वापस ना आने के सम्बन्ध में सूचनी दी थी, इस सम्बन्ध में थाना ठाकुरद्वारा पर गुमशुदगी दर्ज की गई तथा पुलिस द्वारा युवक की तलाश की गई।

दिनांक 26.08.2023 को थाना ठाकुरदवारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ताराबाद के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला जिसकी शिनाख्त गुमशुदा जितेन्द्र के रुप में हुई। इस सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0 -340/2023 धारा 302/201/504/506/34भादवि व धारा 3(1)द /3(1)ध/3(2)V SC/ST Act पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 27.08.2023 को उपरोक्त घटना कारित करने में संलिप्त अभियुक्तगण 1-सुरेश पुत्र बलवीर निवासी ग्राम दुल्हापुर पट्टी जाट थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद 2- अरविन्द पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम अमानताबाद थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को अमान्ताबाद गांव के बाहर मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1-सुरेश पुत्र बलवीर निवासी ग्राम दुल्हापुर पट्टी जाट थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद
2-अरविन्द पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम अमानताबाद थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी का विवरण –**

अभियुक्तगण की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल, पर्स व घटना के समय पर पहने हुए रक्तरंजित कपड़े व आलाकत्ल डंडा।

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 340/2023 धारा धारा 302/201/504/506/34भादवि व धारा 3(1)द /3(1)ध/3(2)V SC/ST Act थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश ने पूछताछ करने पर बताया कि अब से करीब 04 महीने पहले वह जितेन्द्र पुत्र लोलीन सिंह व अनुज पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम सबलपुर थाना ठाकुरद्वारा के साथ अपनी वैगनार गाडी रजि0नं0 UP16Q0609 से लखनऊ गये थे जहां पर थाना गौतम पल्ली पुलिस ने चैकिंग के दौरान उसकी गाडी वैगनार को सीज कर दिया था। उसकी गाडी थाना गौतम पल्ली लखनऊ में है, सुरेश ने कई बार जितेन्द्र से गाडी को छुडवाने के लिए कहा लेकिन जितेन्द्र ने कहा कि गाड़ी उसकी नहीं है आपकी गाड़ी है, आप खुद छुड़वाओ, तो सुरेश ने जितेन्द्र से पैसों के लिये कहां कि पैसे दे दो मैं खुद छुड़वा लूंगा लेकिन जितेन्द्र पैसे देने को तैयार नहीं था और न ही साथ चलने को।

इसी बात को लेकर सुरेश, जितेन्द्र से नाराज था और अपने दोस्त अरविन्द से बोला कि कुछ भी करके उनको जितेन्द्र से पैसे निकलवाने है यदि नहीं देगा तो उसको मार देंगे। दिनांक 25/08/2023 को सुरेश तथा अरविन्द, जितेन्द्र से पैसे लेने के लिए उसके घर पर गये थे कि आज उससे पैसे लेकर ही आने है लेकिन जितेन्द्र अपने घर पर नही मिला। उसके बाद दोनों वहां से चले गये और ग्राम ताराबाद में खेत के पास बैठकर शराब पी रहे थे तथा जितेन्द्र का इन्तजार कर रहे थे जितेन्द्र अपनी मोटरसाईकिल से उधर से जा रहा था। सुरेश और अरविन्द ने जितेन्द्र से बोला की चलो खेत के अन्दर शराब पीते हैं। लेकिन जितेन्द्र वहां से जाने लगा तब सुरेश और अरविन्द ने उसे पकड़कर कहा कि आज

मुझे पैसे दे दे वरना अपनी जान से जायेगा। जब जितेन्द्र वहां से अपनी मोटरसाईकिल पर बैठकर भागने लगा तो दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। इस पर सुरेश ने पास पड़े लकडे के डण्डा उठाया और जितेन्द्र के सर पर मारा जितेन्द्र डण्डा लगते ही गिर पडा। सुरेश, जितेन्द्र से बोला की तू पैसे तो नही देगा लेकिन आज अपनी जान से जायेगा। जितेन्द्र उठकर भागने लगा तो अरविन्द ने उसे पकडा और सुरेश ने उसके सर पर डण्डे से एक ओर वार किया जिससे वह नीचे गिर गया और फिर खडा नही हुआ। जितेन्द्र छटपटाने लगा तो अरविन्द्र ने उसी डण्डे से एक वार ओर जितेन्द्र के सिर पर किया फिर जितेन्द्र नहीं उठा उसकी सास बन्द हो गई थी और वह मर चुका था। जब हमें विश्वाश हो गया कि वह मर गया तो मैंने और अरविन्द ने उसके हाथ पकड कर खींच कर ईख के खेत में अन्दर ले जाकर छिपा दिया। जितेन्द्र से हुई हाथापाई में जितेन्द्र का मोबाईल व पर्स वहां पर गिर गया था। जितेन्द्र की मोटरसाईकिल को सडक से हटाकर वहीं ईख के खेत के पास में धान के खेत में धकेल दिया और उसके मोबाईल व पर्स को दुल्हापुर रोड की तरफ ट्यूबवेल के पास बिजली के जोडा खम्बे के पास झाडियों में छिपा कर रख दिया था। जिसे हम आपके साथ वहां चलकर दे सकते है। घटना के समय जो कपडे हमने पहने थे उन पर खून लग गया था, इसलिए हमने अपने अपने कपडो को गांव के बाहर दुल्हापुर पट्टी नहर चोराहे के पास झाडियों में छिपा दिया था ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।**

1-प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह
2-उ0नि0 रवीन्द्र सिंह भाटी
3-व0उ0नि0श्री बृजेन्द्र सिंह
4-का0 मनीष कुमार
5-का0 मयंक कुमार